भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ईमेल: crpd@sbi.co.in)

# भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियमित और संविदात्मक आधार पर भर्ती

## विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2023-24/09

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान: दिनांक 01.06.2023 से 21.06.2023 तक

**भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पदों पर नियमित और संविदात्मक आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.**

1. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा दिया गया हो.
2. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि पात्रता की तिथि पर वे उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं.
3. **उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज (अर्थात जीवन वृत्त, पहचान का प्रमाण, आयु का प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र आदि), की जेरोक्स प्रतियां अपलोड करने की आवश्यकता है, ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.**
4. चयनित सूची दस्तावेज़ों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगी. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (अर्थात आयु, शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होंगी.
5. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे **बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers** को विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें.
6. बुलावा (लेटर/सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).
7. सभी संशोधन/शुद्धि पत्र केवल बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किए जाएंगे.
8. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ बिंदु पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
9. इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ न भेजें.
10. **उम्मीदवार को एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने की अनुमति है.**

**क. पद/रिक्तियां/सुझाया गया तैनाती का स्थान/चयन प्रक्रिया का विवरण:**

**संविदात्मक पद:**

| पद क्र. | पद नाम | ग्रेड/स्केल/पद | रिक्तियां | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी# (समान रिक्ति) | | | | आयु 01/04/2023 तक (वर्षों में) | | सुझाया गया तैनाती का स्थान | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | वीआई | एचआई | एलडी | डी और ई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1 | सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रमुख (विपणन) | संविदात्मक TEGS-VI | -- | -- | -- | -- | 1 | 1 | 1 | -- | -- | -- | 40 वर्ष | 50 वर्ष | मुंबई या बैंक द्वारा तय किए गए किसी भी स्थान पर. | शॉर्टलिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार और उसके बाद सीटीसी संबंधी बातचीत |

संविदा आधार की रिक्तियों के लिए: **संविदा अवधि – 3 वर्ष @ बैंक के विवेक पर 2 वर्ष की और अवधि के लिए नवीकरणीय (संविदा की कुल अवधि 5 वर्ष तक सीमित रहेगी). संविदा को बिना कोई कारण बताए एक माह की नोटिस अवधि किसी भी पक्ष को देकर अथवा उसके बदले में तीन माह की क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान/अभ्यर्पण पर समाप्त किया जा सकता है.**

**नियमित पद:**

| पद क्र. | पद नाम | ग्रेड/स्केल/पद | रिक्त पद | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी# (समान रिक्ति) | | | | आयु 31/12/2022 तक (वर्षों में) | सुझाया गया तैनाती का स्थान | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस^ | सामान्य | कुल | वीआई | एचआई | एलडी | डी और ई$ | | | |
| 2 | सहायक महा प्रबंधक (विपणन)/ मुख्य प्रबंधक (विपणन) | SMGS-V / SMGS-IV | 2 | 1 | 4 | 1 | 10 | 18 | 1 | -- | -- | -- | (समप्र के लिए): न्यूनतम 35 और अधिकतम 45 (मुख्य प्रबंधक के लिए): न्यूनतम 30 और अधिकतम 40 | भारत में कहीं भी | शॉर्टलिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार |

#पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियां समान हैं और कुल रिक्तियों में शामिल हैं. ^ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित रिक्तियां अस्थायी हैं और भारत सरकार के आगे के निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं. आरक्षित श्रेणी के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार है.

**संक्षेपाक्षर:** अ.जा. – अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. – अनुसूचित जनजाति; अ.पि.व. – अन्य पिछड़ा वर्ग; ईडब्ल्यूएस – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; सामान्य – सामान्य; पीडब्ल्यूबीडी – बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; वीआई – दृष्टि बाधित, एचआई – श्रवण बाधित; एलडी – लोकोमोटर दिव्यांगता; $ डी और ई में दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के खंड (डी) और (ई) में उल्लिखित पीडब्ल्यूबीडी को शामिल है. SMGS-IV - वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–चार; SMGS-V - वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–पाँच;

**स्थानांतरण नीति:** बैंक ऐसे अधिकारियों की सेवाओं का स्थानांतरण भारत में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में करने या उन्हें अपने किन्हीं सहयोगियों/अनुषंगियों के पास या किसी अन्य संस्था के पास तैनात करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो सेवा की अनिवार्यताओं पर निर्भर होगा. **किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय पर नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**नोट:**

1. ओबीसी श्रेणी से संबंधित लेकिन 'क्रीमी लेयर' में आने वाले उम्मीदवार ओबीसी आरक्षण और आयु में छूट के हकदार नहीं हैं. उन्हें अपनी श्रेणी सामान्य या सामान्य (एलडी/वीआई/एचआई/डीएंडई), जैसा भी मामला हो, के रूप में दर्शानी चाहिए. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में 01.04.2023 से साक्षात्कार की तारीख तक की अवधि के दौरान जारी ओबीसी प्रमाण पत्र जमा करना चाहिए जिसमें गैर–क्रिमी लेयर खंड हो.
2. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्त–पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
3. बैंक किसी भी समय इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
4. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए दर्शाई गई है. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी (जहाँ भी लागू हो).
5. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (PwBD) के लिए आरक्षण पद के लिए समग्र रिक्तियों के भीतर समान है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.
6. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
7. भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण कार्यालय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 31.01.2019 के ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-ईएसटीटी (आरईएस) द्वारा शासित है. अस्वीकरण: ईडब्ल्यूएस रिक्तियां अस्थायी हैं और भारत सरकार के आगे के निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं. नियुक्ति अनंतिम है और आय और संपत्ति प्रमाण पत्र के उचित माध्यम से होने के अधीन है. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ मौजूदा डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्तुतीकरण पर ही प्राप्त किया जा सकता है. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन की तारीख को या उससे पहले डीओपीटी के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए उनके पास आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र नहीं है, ऐसे उम्मीदवारों को केवल सामान्य श्रेणी के तहत आवेदन करना चाहिए.
8. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए दर्शाई गई है. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी.
9. ऐसे मामलों में जहाँ एक विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता है, अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार के पास उस विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव है.
10. यदि डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र नहीं निर्दिष्ट करते हैं, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज से विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

11. यदि स्नातकोत्तर डिग्री के प्रमाण पत्र में श्रेणी और/या प्रतिशत अंक निर्दिष्ट नहीं होते हैं, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज से विशेष रूप से श्रेणी और/या समकक्ष प्रतिशत अंक, जैसा भी मामला हो, का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

12. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित मूल शैक्षिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार के पास निर्दिष्ट तारीखों को योग्यता और प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए.

13. बेंचमार्क दिव्यांगता व्यक्ति, जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.

14. विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा.

15. नियोक्ता से प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को उस संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव प्राप्त है.

16. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र जमा करना होगा.

**ख. शैक्षणिक योग्यता/योग्यता के बाद के अनुभव/विशेष कौशल आदि आवश्यकताओं का विवरण:**

| पद क्र. | पद | मूल योग्यता / शैक्षणिक योग्यता (01.04.2023 तक) | अन्य योग्यता (01.04.2023 तक) | कार्य अनुभव (01.04.2023 तक) | आवश्यक विशिष्ट कौशल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रमुख (विपणन) | एमबीए/पीजीडीएम या इसके समकक्ष एक विषय के रूप में वित्त के साथ एमबीए (मार्केटिंग) में विशेषज्ञता के साथ उसके समकक्ष या एक विषय के रूप में विपणन के साथ एमबीए (वित्त) या वित्त और विपणन में एमबीए (दोहरी) विशेषज्ञता. | बीई / बी.टेक / सीए वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी | योग्यता के बाद बैंकों/ वित्तीय संस्थानों/ एनबीएफसी/ रेटिंग एजेंसियों/ चार बड़ी लेखापरीक्षा कंपनियों/ बीमा कंपनियों/ बहुराष्ट्रीय कंपनियों में मार्केटिंग का न्यूनतम 14 वर्ष का अनुभव. | क) उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति और नेतृत्व कौशल.<br>ख) तीव्र विश्लेषणात्मक और समस्या को सुलझाने के कौशल.<br>ग) उत्पाद विपणन और प्रबंधन कौशल<br>घ) अभियान प्रबंधन, इवेंट और प्रायोजकता कौशल. |

| पद क्र. | पद | मूल योग्यता / शैक्षणिक योग्यता (31.12.2022 तक) | कार्य अनुभव (31.12.2022 तक) | आवश्यक विशिष्ट कौशल |
|---|---|---|---|---|
| 2. | सहायक महा प्रबंधक (विपणन) | स्नातक (कोई भी विषय)<br>और<br>सरकार निकायों/ एआईसीटीई/ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित संस्थानों से विपणन/ वित्त में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/ पीजीडीबीएम या इसके समकक्ष. | निम्नलिखित में थोक/कॉर्पोरेट क्रेडिट और अन्य वित्तीय उत्पादों के विपणन के क्षेत्र में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में **न्यूनतम 12 वर्ष** का योग्यता के बाद का अनुभव:<br>i. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एसबीआई सहित).<br>ii. सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान / कंपनी.<br>(विपणन (तकनीकी और वित्तीय पृष्ठभूमि के साथ) में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी | क) उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति और नेतृत्व कौशल.<br>ख) तीव्र विश्लेषणात्मक और समस्या को सुलझाने के कौशल.<br>ग) उत्पाद विपणन और प्रबंधन कौशल<br>घ) अभियान प्रबंधन, इवेंट और प्रायोजकता कौशल. |
| | मुख्य प्रबंधक विपणन) | | निम्नलिखित में थोक/कॉर्पोरेट क्रेडिट और अन्य वित्तीय उत्पादों के विपणन के क्षेत्र में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में **न्यूनतम 10 वर्ष** का योग्यता के बाद का अनुभव:<br>i. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एसबीआई सहित).<br>ii. सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान / कंपनी.<br>(विपणन (तकनीकी और वित्तीय पृष्ठभूमि के साथ) में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी | |

**ग. कार्य प्रोफाइल और मुख्य उत्तरदायित्व क्षेत्र:**

| पद | कार्य प्रोफाइल (भूमिका, उत्तरदायित्वों और कार्यों का विस्तृत विवरण) | कार्य अनुभव (01.06.2022 तक) |
|---|---|---|
| सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रमुख (विपणन)<br>**तुलनीय ग्रेड**<br>टीईजीएस–VI (संविदात्मक) | ➢ एएमटी की मदद से पर्यावरण को स्कैन करना और अच्छी रेटिंग वाले कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए मार्केटिंग की रणनीति बनाना.<br>➢ देयता और परिसंपत्ति उत्पादों/सेवाओं के विपणन के लिए कॉर्पोरेट्स/संस्थानों और सरकारी विभागों (राज्य, केंद्रीय और अर्ध) का दौरा करना.<br>➢ ग्राहकों के सामने प्रस्तुतीकरण करना और बाद में व्यवसाय को प्राप्त करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना.<br>➢ बढ़े हुए संपर्क बिंदुओं और बार–बार बातचीत करके अच्छी रेटिंग वाले ग्राहकों के पोर्टफोलियो को बनाए रखना.<br>➢ नगदी संपन्न कॉर्पोरेट/बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लक्षित करना जिन्हें ऋण सुविधाओं की आवश्यकता नहीं है लेकिन विविध व्यवसाय (गैर–ऋण) की संभावना है जो सुरक्षित और जोखिम मुक्त अन्य आय के लिए स्रोत हो सकते हैं.<br>➢ संभावित ग्राहक का डाटा बेस तैयार करना (दोनों एसबीआई या अन्य के साथ बैंकिंग)<br>➢ आय (शुल्क और फ्लोट) के वितरण और आवंटित अन्य लक्ष्य के लिए सुनिश्चित करना.<br>➢ कॉर्पोरेट ऋण में एसबीआई बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना.<br>➢ पारिस्थितिकी तंत्र के संपूर्ण मूल्य श्रृंखला भागीदारों को प्राप्त करना.<br>निम्नलिखित अतिरिक्त भूमिका निभानी होगी:<br>क) मार्केटिंग टीम को व्यवस्थित करना और उसका नेतृत्व करना.<br>ख) मार्केटिंग रणनीति बनाना, योजना बनाना और उन्हें कार्यान्वित करना. | ➢ दर्ज किए गए वास्तविक कारोबार के आधार पर, न कि दिए गए अग्रता के आधार पर सीसीजी/सीएजी के लिए नया ग्राहक अधिग्रहण.<br>➢ मौजूदा ग्राहकों के कारोबार में हमारे वॉलेट हिस्से में बढ़ोतरी.<br>➢ पोर्टफोलियो गुणवत्ता सूचकांक (पीक्यूआई) में सुधार<br>➢ सीसीजी/सीएजी के लिए शुल्क आय में वृद्धि.<br>➢ कॉरपोरेट ऋण और परस्पर बिक्री के बड़े कर्मचारी आधार के माध्यम से खुदरा व्यापार से बैंक के लिए शुल्क आय.<br>➢ ग्राहकों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र यानी वेंडर फाइनेंस, डीलर फाइनेंस, सीएमपी आदि को प्रगृहीत करना. |

| पद | कार्य प्रोफाइल (भूमिका, उत्तरदायित्वों और कार्यों का विस्तृत विवरण) | कार्य अनुभव<br>(01.06.2022 तक) |
|---|---|---|
| सहायक महा प्रबंधक (विपणन)/ मुख्य प्रबंधक (विपणन)<br><br>ग्रेड/स्केल<br><br>SMGS-IV/ SMGS-V - नियमित पद | ➢ एएमटी की मदद से पर्यावरण को स्कैन करना और अच्छी रेटिंग वाले कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए मार्केटिंग की रणनीति बनाना.<br>➢ देयता और परिसंपत्ति उत्पादों/सेवाओं के विपणन के लिए कॉर्पोरेट्स/संस्थानों और सरकारी विभागों (राज्य, केंद्रीय और अर्ध) का दौरा करना.<br>➢ ग्राहकों के सामने प्रस्तुतीकरण करना और बाद में व्यवसाय को प्राप्त करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना.<br>➢ बढ़े हुए संपर्क बिंदुओं और बार-बार बातचीत करके अच्छी रेटिंग वाले ग्राहकों के पोर्टफोलियो को बनाए रखना.<br>➢ नगदी संपन्न कॉर्पोरेट/बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लक्षित करना जिन्हें ऋण सुविधाओं की आवश्यकता नहीं है लेकिन विविध व्यवसाय (गैर-ऋण) की संभावना है जो सुरक्षित और जोखिम मुक्त अन्य आय के लिए स्रोत हो सकते हैं.<br>➢ संभावित ग्राहक का डाटा बेस तैयार करना (दोनों एसबीआई या अन्य के साथ बैंकिंग)<br>➢ आय (शुल्क और फ्लोट) के वितरण और आवंटित अन्य लक्ष्य के लिए सुनिश्चित करना.<br>➢ कॉर्पोरेट ऋण में एसबीआई बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना.<br>➢ पारिस्थितिकी तंत्र के संपूर्ण मूल्य श्रृंखला भागीदारों को प्राप्त करना. | ➢ दर्ज किए गए वास्तविक कारोबार के आधार पर, न कि दिए गए अग्रता के आधार पर सीसीजी/सीएजी के लिए नया ग्राहक अधिग्रहण.<br>➢ मौजूदा ग्राहकों के कारोबार में हमारे वॉलेट हिस्से में बढ़ोतरी.<br>➢ पोर्टफोलियो गुणवत्ता सूचकांक (पीक्यूआई) में सुधार<br>➢ सीसीजी/सीएजी के लिए शुल्क आय में वृद्धि.<br>➢ कॉरपोरेट ऋण और परस्पर बिक्री के बड़े कर्मचारी आधार के माध्यम से खुदरा व्यापार से बैंक के लिए शुल्क आय.<br>➢ ग्राहकों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र यानी वेंडर फाइनेंस, डीलर फाइनेंस, सीएमपी आदि को प्रगृहीत करना. |

***टिप्पणी:** ऊपर वर्णित कार्य रूपरेखा/केआरए उदाहरण स्वरूप हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य/केआरए के अतिरिक्त समय-समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.

**घ. ग्रेड, परीवीक्षा अवधि और पारिश्रमिक:**
**संविदात्मक पदों के लिए : सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और प्रमुख (विपणन)**

| तुलनीय ग्रेड | सीटीसी* | संविदा अवधि/नोटिस अवधि/अवकाश |
|---|---|---|
| टीईजीएस-VI (संविदात्मक) | **50 लाख रुपये – 55 लाख रुपये** (सीटीसी को 70:30 के अनुपात में नियत और परिवर्ती घटकों में विभाजित किया जाएगा.<br><br>**वार्षिक वृद्धि : शून्य**<br><br>**परिवर्ती वेतन:** संविदात्मक अधिकारी प्रासंगिक अवधि के प्रदर्शन मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हक 90% अंक प्राप्त करने के अधीन परिवर्ती वेतन के भुगतान के पात्र होंगे. मूल्यांकन को 31 मार्च और 30 सितंबर को छमाही अंतराल पर भी संकलित किया जाएगा. परिवर्ती वेतन का भुगतान केवल पूर्ण छमाही के लिए किया जाएगा. दूसरे शब्दों में, यदि जॉब संविदा को छमाही के पूरा होने से पहले दोनों में से किसी भी पक्ष द्वारा समाप्त कर दिया जाता है, तो कोई परिवर्ती वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा. भुगतान संविदा अधिकारी से आयकर की कटौती के अधीन होगा. संविदात्मक अधिकारी कार्य-निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी:<br><br>कार्य-निष्पादन मूल्यांकन में अंक — स्कोर की प्राप्ति के आधार पर परिवर्ती मुआवजे का प्रतिशत:<br>99 से 100% — 100%<br>97 से 98.99 % — 90%<br>94 से 96.99% — 80%<br>90 से 93.99% — 70%<br>90% से नीचे — शून्य<br><br>**नियोजन के पहले वर्ष में, परिवर्ती वेतन का मूल्यांकन और जारी करना केवल एक बार निम्नानुसार होगा:**<br><br>➢ पहले वर्ष में, मूल्यांकन 31 मार्च या 30 सितंबर को किया जाएगा, जो भी कार्यग्रहण करने के पहले छह महीने पूरे होने के बाद पहले आता है.<br>➢ परिवर्ती वेतन की गणना उस पूरी अवधि के लिए की जाएगी जिस पर मूल्यांकन किया गया है, अर्थात कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मूल्यांकन की तिथि तक.<br>➢ पहले मूल्यांकन के बाद, अंतिम मूल्यांकन तिथि और कार्य-निष्पादन मानदंड के आधार पर आगे का मूल्यांकन या तो 31 मार्च या 30 सितंबर को किया जाएगा. इसके अलावा, यदि संविदा 6 महीने पूरा होने से पहले समाप्त हो जाती है, तो परिवर्ती वेतन आनुपातिक आधार पर जारी किया जाएगा.<br>➢ पद के विशुद्ध रूप से संविदात्मक होने के कारण अधिकारी नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों का दावा करने के पात्र नहीं होंगे. | **संविदा अवधि:**<br><br>3 वर्ष<br><br>बैंक के एकमात्र विवेक पर 2 वर्ष की एक और अवधि के लिए नवीकरणीय। (संविदा की अवधि 5 वर्ष तक सीमित होगी)<br><br>**नोटिस की अवधि:**<br><br>किसी भी पक्ष से तीन महीने का नोटिस देकर या उसके एवज में तीन महीने की मुआवजा राशि के भुगतान/ अभ्यर्पण पर बिना कोई कारण बताए संविदा को समाप्त किया जा सकता है.<br><br>**अवकाश:**<br><br>एक वित्तीय वर्ष के दौरान 30 दिन. छुट्टी की गणना के प्रयोजन के लिए, बीच में पड़ने वाले रविवार/ छुट्टी को शामिल नहीं किया जाएगा.<br><br>चयनित अधिकारी संविदा के उन नियमों और शर्तों द्वारा शासित होगा जिन पर कर्मचारी द्वारा बैंक के साथ हस्ताक्षर किए जाएंगे. |

**नियमित पदों के लिए: सहायक महाप्रबंधक / मुख्य प्रबंधक (विपणन)**

| ग्रेड | वेतनमान | टिप्पणियां |
|---|---|---|
| सहायक महा प्रबंधक (विपणन)<br>वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान-पाँच | Rs.89890 - 2500/2 - 94890-2730/2-100350 | अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, एचआरए, सीसीए, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन निधि यानी एनपीएस, छुट्टी किराया रियायत (एलएफसी), चिकित्सा सुविधा, अन्य अनुलाभ आदि के लिए पात्र होंगे. अधिकारी एसबीआईओएसआर द्वारा शासित होगा. |
| मुख्य प्रबंधक (विपणन)<br>वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान-चार | Rs 76010 - 2220/4 - 84890 – 2500/2 - 89890 | |
| **कॅरियर प्रगति** | नियमित अधिकारियों (वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान-IV/V) के लिए करियर पथ टीईजीएस-VI के ग्रेड तक उपलब्ध होगा. | |

**ङ. चयन प्रक्रिया:**

चयन शॉर्ट–लिस्टिंग और साक्षात्कार (नियमित पद के लिए – सहायक महाप्रबंधक (विपणन) / मुख्य प्रबंधक (विपणन) और शॉर्ट–लिस्टिंग, साक्षात्कार और सीटीसी बातचीत (संविदा पद के लिए) पर आधारित होगा.

i) **शॉर्टलिस्टिंग:** न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

ii) **साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

iii) **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक प्रदान की जायेगी.

**च. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवारों के पास सक्रिय ईमेल आईडी/मोबाइल फोन नंबर होना चाहिए जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. यह उन्हें ईमेल द्वारा कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि प्राप्त करने में मदद करेगा.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:**

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा और इंटरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा.

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे सबमिट करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/ सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सहेजी गई जानकारी को संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे सबमिट करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. **ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम से उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट करलें.**

**शुल्क के भुगतान के लिए दिशानिर्देश:**

i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (वापसी योग्य नहीं) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क विकलांगता (पीडब्ल्यूबीडी) के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नही है.

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. **इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

iii. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.

iv. लेनदेन के सफलतापूर्वक पूरा होने पर उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख को ई–रसीद और आवेदन फॉर्म जनरेट होगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख ले.

v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vi. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

vii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न** ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.

**छ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

**ज. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. नवीनतम फोटोग्राफ
ii. हस्ताक्षर
iii. संक्षिप्त जीवनवृत्त (पीडीएफ)
iv. पहचान पत्र का प्रमाण (पीडीएफ)
v. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
vi. जाति प्रमाणपत्र, (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
vii. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
viii. शैक्षणिक योग्यता: प्रासंगिक अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
ix. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
x. फॉर्म–16/प्रस्ताव पत्र/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)

**ब. फोटोग्राफ फाइल प्रकार/आकार:**

i. फोटोग्राफ नवीनतम पासपोर्ट स्टाइल की कलर पिक्चर होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानत:) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. शांत चेहरे से सीधे कॅमरे की तरफ देखे.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें 'रेड आई' नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदले.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर **काली स्याही** के पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे कोई दूसरा हस्ताक्षर न करें.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर करें.
iv. फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेजी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में हो.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक नही हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, कलर की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जाने योग्य.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा–निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए जाएंगे.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

**झ. सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, वैसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है सहित, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उनके नियोजन के बाद भी पता चलती है, तो उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार की नियोजन बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह की नियोजन बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू थे.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण सूचना जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल/मोबाइल फोन नंबर को सक्रिय रखें.

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें. ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियोजन प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित में यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें, क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार अन्य परीक्षाएं और चयन प्रक्रिया संबधी सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शार्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. कई आवेदन होने की स्थिति में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किये गए आवेदन शुल्क/इन्टीमेशन शुल्क को ज़ब्त कर लिया जाएगा. साक्षात्कार में एक पद के लिए एक उम्मीदवार द्वारा एकाधिक उपस्थिति पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी/उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. बाहरी उम्मीदवारों, जिन्हें शॉर्ट–लिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, को भारत में उनके निवास/कार्य स्थल से सबसे छोटे मार्ग के लिए रेलवे–वातानुकूलित शयनयान (थ्री टियर) (केवल मेल या एक्सप्रेस) से यात्रा करने की लागत या वास्तविक यात्रा के आधार पर भारत में (जो भी कम हो) वास्तविक यात्रा की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी. उम्मीदवार के पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.

xvii. बैंक किसी भी स्तर पर इस भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

xviii. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटीकरणों और/या सत्यापन के आधार पर नियोजन से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है. किसी भी लंबित आपराधिक मामले को दबाने के मामले में, अधिकारी की नियुक्ति के बाद भी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.**

**किसी पूछताछ के लिए, कृपया हमसे "CONTACT US" लिंक के ज़रिए लिखें,**
**जो बैंक की वेबसाइट URL – https://bank.sbi/web/careers/post-your-query पर उपलब्ध है.**

**मुंबई**
**दिनांक: 01.06.2023**

**मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी एवं पीएम)**